दिन– रविवार

दिनांक– 27 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा; प्रभावित परिवारों को न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया।

02. आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बाबू वीर कुंवर सिंह और महात्मा गांधी के चम्पारण सत्याग्रह की चर्चा की।

03. बिहार में विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग और बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा सिंगिंग बाउल प्रदर्शन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।

04. और, प्रदेश के मौसम में अचानक परिवर्तन। पटना, भोजपुर, वैशाली सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश। मौसम विभाग ने कल भी रेड अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

–––बाइट–––

जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल–कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू–कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है।

–––बाइट–––

आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि आंतकी हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं।

———बाइट———

इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनियाभर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी ग्लोबल लीडर्स ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया था।

———बाइट———

उनके नेतृत्व में इसरो को एक नई पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में जो स्पेस प्रोग्राम आगे बढ़े, उससे भारत के प्रयासों को ग्लोबल मान्यता मिली। डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। देश की निरूस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने उन्नीस सौ सत्रह में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए चंपारण सत्याग्रह की चर्चा भी की। श्री मोदी ने कहा कि बापू के नेतृत्व में तब देश की आजादी की एक अनोखी लड़ाई लड़ी जा रही थी।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस मई को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगांठ मनाई जाएगी। उन्होंने अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के महान नायक बाबू वीर कुंवर सिंह को याद करते हुए कहा कि देश को अपने इन महान सपूतों पर गर्व है। श्री मोदी ने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों की अमर प्रेरणाओं को जीवित रखना है।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मन की बात से लोगों को प्रेरणा मिलती है।

———बाइट———

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी घटना को लेकर कठोर कार्रवाई का संदेश दिया है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा। श्री मेघवाल पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

इधर, श्री मेघवाल ने बिहार भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने जो संविधान हमे दिया उसमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारा शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों में समानता की भावना भरने का काम किया है।

———बाइट———

---

राज्य के विभिन्न भागों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में बड़ा बदलाव आया है। आज पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर अरवल और जहानाबाद सहित राज्य के कई हिस्सों में गरज और तेज आंधी के साथ बारिश हुई। दोपहर बाद से ही इन क्षेत्रों में बारिश हो रही है। इन क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, नालंदा, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, दरभंगा समेत नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि कुछ स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने कल भी राज्य के अधिकांश भागों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया है।

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को इस दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने अपने परामर्श में कहा है कि मौसम खराब होने के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर खुले में न रहें और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें।

---

पटना जिले के दानापुर के नासरीगंज घाट के पास बालू लदी एक नाव गंगा नदी में डूब गई। इस हादसे में दो लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि पांच लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया है। दानापुर के एएसपी भानू प्रताप सिंह ने

बताया कि एसडीआएफ की गोताखोर टीम लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान चला रही है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स– दो हजार पच्चीस के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने विभिन्न स्पर्धाओं से जुड़ी खेल संरचनाओं के विकास पर हो रहे कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ इन कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने चार मई को उद्‌घाटन समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री को मधुबनी पेंटिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र और सिंगिंग बाउल के साथ पौने चार सौ बाल लामाओं द्वारा प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। गिनिज बुक के अधिकारियों ने ये प्रमाण पत्र सौंपे हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया।

———बाइट———

खेलो इंडिया यूथ गेम्स– दो हजार पच्चीस का आयोजन राज्य के पांच स्थानों– पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में चार मई से पंद्रह मई तक किया जाएगा।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के सभी पैक्सों में गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है। श्री कुमार ने कैमूर जिले के भभुआ जिला सहकारिता कार्यालय में आज चार पैक्सों में गोदाम का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन गोदामों के निर्माण से समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान के भंडारण में सुविधा होगी।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा का तीन दिवसीय राजनीतिक मंथन शिविर आज से पश्चिम चंपारण के बगहा में शुरू हो गया। वाल्मिकीनगर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में

आयोजित शिविर का उद्घाटन पार्टी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने किया। शिविर में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दल की रणनीति तैयार की जाएगी।

---

कैमूर जिले के भभुआ–मोहनिया पथ पर परसिया गांव के पास एक मोटरसाईकिल की एक चार पहिया वाहन से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई।

---

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना– मनरेगा के कार्यान्वयन में बक्सर जिले को राज्य में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग की रैंकिंग में चौदह मानकों पर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

---

नवगठित हिन्द सेना पार्टी के प्रमुख पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने अपने सीमांचल दौरे के दूसरे चरण की शुरूआत अररिया जिले के रानीगंज से की। श्री लांडे ने रानीगंज से कालाबलुआ चौक तक पैदल जनसंपर्क यात्रा की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा; प्रभावित परिवारों को न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया।

02. आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बाबू वीर कुंवर सिंह और महात्मा गांधी के चम्पारण सत्याग्रह की चर्चा की।

03. बिहार में विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग और बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा सिंगिंग बाउल प्रदर्शन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।

04. और, प्रदेश के मौसम में अचानक परिवर्तन। पटना, भोजपुर, वैशाली सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश। मौसम विभाग ने कल भी रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।